**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली**
**निदेशक कार्यालय**

फा.सं.40–30/2023–स्था.I                                                                 दिनांक : 05.09.2023

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषयः  एम्स, नई दिल्ली में चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा संबंधी वयस्क आपातकालीन सेवाओं को सुव्यवस्थित करने संबंधी।**

एम्स, नई दिल्ली की मुख्य आपातकालीन सेवा में प्रतिदिन 400 से अधिक रोगियों को अर्थात् प्रति तीन मिनट में लगभग एक रोगी को देखा जाता है, जबकि प्रतिदिन, औसतन 250 भर्ती रोगियों को विभिन्न इनपेशेंट वार्ड से छुट्टी दी जाती है। इसके अतिरिक्त, ओ.पी.डी. के माध्यम से भी योजनाबद्ध तरीके से रोगियों को भर्ती किया जाता है, जिसके लिए कभी–कभी रोगियों के लिए पहले ही वर्ष एवं तारीखें निर्धारित कर दी जाती हैं। रोगियों की संख्या के इस उच्च प्रवाह और बहिर्प्रवाह की वजह से अक्सर आपातकालीन रोगियों के लिए बिस्तरों की कमी पड़ती है जिसके कारण उन्हें या तो आपातकालीन विभाग में लंबे समय तक रूकना पड़ता है या फिर उन्हें आस–पास के अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है।

एम्स, नई दिल्ली में आपातकालीन सेवाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए सभी नैदानिक विभागों के साथ समन्वय स्थापित करना महत्वपूर्ण है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आवश्यकता पड़ने पर आपातकालीन रोगियों को तुरंत भर्ती किया जाए अथवा आवश्यकता के अनुसार स्थिर होने पर उन्हें तुरंत छुट्टी दी जाए। ऐसा इसलिए किया जाए ताकि नए आने वाले रोगियों के लिए आपातकाल में बिस्तर उपलब्ध हो सकें। चूंकि आपातकालीन चिकित्सा विभाग वर्तमान में मुख्य आपातकाल के तीन क्षेत्रों का प्रबंधन कर रहा है, सभी हितधारकों द्वारा विभिन्न विभागों के बीच एक व्यापक समन्वय तंत्र विकसित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि मुख्य आपातकाल में रोगियों की त्वरित आवाजाही तथा रोगी उपचार सेवाओं के और अधिक कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित किया जा सके।

तदनुसार, डॉ. राकेश यादव, आचार्य, हृद् रोग विज्ञान को आपातकालीन सेवाओं हेतु प्रभारी–आचार्य के रूप में नामित करने का निर्णय लिया गया है। प्रभारी–आचार्य (आपातकालीन सेवाएं) एम्स, नई दिल्ली में आपातकालीन सेवाओं के प्रबंधन और समन्वय के लिए नोडल अधिकारी होंगे तथा एम्स, नई दिल्ली के मुख्य आपातकाल में रोगियों के लिए न्यूनतम प्रतीक्षा समय सुनिश्चित करने हेतु सभी हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। प्रभारी–आचार्य (आपातकालीन सेवाएं) दिल्ली के अन्य अस्पतालों के साथ मिलकर भी समन्वय स्थापित करेंगे ताकि स्थिर होने पर आपातकाल से बाहर रेफर किए जाने वाले रोगियों के लिए एक रेफरल नेटवर्क तैयार किया जा सके।

**प्रो. एम. श्रीनिवास**
निदेशक

**वितरणः** (इसे अपने नियंत्रणाधीन सभी अधिकारियों को भी परिचालित करने के अनुरोध सहित)
1. संकायाध्यक्षगण (शैक्षिक, अनुसंधान, परीक्षा)
2. अपर निदेशक (प्रशासन)
3. चिकित्सा अधीक्षक (एम्स)
4. सभी केंद्र प्रमुखगण/अध्यक्ष, एन.सी.आई. झज्जर
5. सभी विभागाध्यक्षगण
6. वरिष्ठ वित्त सलाहकार
7. उप–सचिव
8. प्रभारी आचार्य, कंप्यूटर सुविधा

**(नोट :– किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में इस कार्यालय ज्ञापन का अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।)**

**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI**
**OFFICE OF DIRECTOR**

F. No. 40-30/2023-Estt.I 05.09.2023

**OFFICE MEMORANDUM**

**Sub: Streamlining of Medical & Surgical Adult Emergency Services at AIIMS New Delhi**

The Main Emergency of AIIMS New Delhi attends to over 400 patients on a daily basis i.e. nearly one patient every 3 minutes whereas on an average, only 250 admitted patients are discharged from various inpatient wards daily. Apart from this, there are planned admissions via OPD for which patients are sometimes given dates years in advance. This perpetual cycle of higher inflow that outflow, often leads to a shortage of beds for emergency patients requiring them to either stay in the emergency department for long hours or for them to be referred to other hospitals nearby.

To streamline the emergency services at AIIMS New Delhi, it is important to coordinate with all clinical departments to ensure that the emergency patients are quickly admitted if required or discharged after stabilization as per need so as to ensure that beds are available in the emergency for the new incoming patients. While the Dept. of Emergency Medicine is currently managing the 3 zones of the Main Emergency, there is a felt need amongst all stakeholders for an overarching coordination mechanism amongst various departments to ensure quick turnover of patients in the main emergency & for more efficient management of patient care services therein.

Accordingly, it has been decided to designate Dr. Rakesh Yadav, Prof. of Cardiology as the Prof. Incharge for Emergency Services. PIC (Emergency Services) shall be the nodal official for managing and coordinating the emergency services at AIIMS New Delhi and shall coordinate with all stakeholders to ensure minimal waiting time for patients in the Main Emergency of AIIMS New Delhi. PIC (Emergency Services) shall also coordinate with other hospitals in Delhi to develop a referral network for patients who need to be referred out from the emergency after stabilization.

5/9/2023

**Prof. M Srinivas**
Director

**Distribution** (with a request to also circulate it to all officials under their control)

1. Dean/s (Academic, Research, Examination)
2. Addl. Director (Admin)
3. Medical Superintendent (AIIMS)
4. Chiefs' of all Centres / Head, NCI Jhajjar
5. Heads' of all Departments
6. Sr. Financial Advisor
7. Deputy Secretary
8. Prof. I/c Computer Facility